## -:-प्रेस नोट -:-

## थाना बर्रा कमिश्नरेट कानपुर दिनांक 31-03-2024

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय कानपुर नगर के द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान पुलिस उपायुक्त दक्षिण महोदय व अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण के निर्देशन एवं सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक बर्रा के नेतृत्व में थाना बर्रा पुलिस द्वारा दिनांक **30-03-2024** को मु0अ0सं0 150/2024 धारा 392 भादवि व 177/183(1) एमवी एक्ट से संबंधित प्रकाश में आये इनामिया वांछित अभियुक्त अमन गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता उम्र 19 वर्ष निवासी म0नं0 1001 वरुण बिहार बर्रा 8 थाना गुजैनी कानपुर नगर ( जिसकी गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस उपायुक्त दक्षिण महोदय द्वारा 21,000/- रुपये का पुरूस्कार घोषित किया गया है) को मुखबिर की सूचना पर अर्रा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त सम्बंधित लूटा गया मोबाइल फोन व एक अदद नाजायज देशी तमंचा व कारतूस तथा लूट में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की गई। अभियुक्त से बरामदगी के सम्बंध में मु0अ0सं0 150/2024 में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई एवं नाजायज तमंचा बरामदगी के संबंध में अभियुक्त अमन गुप्ता के विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 165/2024 धारा 9/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है।

- **अभियुक्त का नामः-** अमन गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता उम्र 19 वर्ष निवासी म0नं0 1001 वरुण बिहार बर्रा 8 थाना गुजैनी कानपुर नगर

- **बरामदगी -**
  1. एक अदद मोबाइल रीयल मी 5 एस
  2. एक अदद तमंचा 315 बोर
  3. एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर
  4. लूट में प्रयुक्त मोटर साइकिल टीवीएस अपाचे नं0 UP78GF2517
- **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**
  - प्रभारी निरीक्षक श्री तेज बहादुर सिंह थाना बर्रा कानपुर नगर।
  - उ0नि0 दीपक गिरी चौकी प्रभारी बर्रा थाना बर्रा कानपुर नगर
  - उ0नि0 राकेश कुमार यादव थाना बर्रा कानपुर नगर
  - उ0नि0 सन्दीप कुमार थाना बर्रा कानपुर नगर
  - उ0नि0 सैय्यद जुबैर शरीफ थाना घाटमपुर कानपुर नगर
  - हे0का0 1979 पंकज कुमार सविता थाना बर्रा कानपुर नगर